CS (MAIN) EXAM, 2010

No. 0009

C-DTN-K-APA

# ZOOLOGY

## Paper I

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 300

## INSTRUCTIONS

*Each question is printed both in Hindi and in English.*

*Answers must be written in the medium specified in the Admission Certificate issued to you, which must be stated clearly on the cover of the answer-book in the space provided for the purpose. No marks will be given for the answers written in a medium other than that specified in the Admission Certificate.*

*Candidates should attempt Questions No.* **1** *and* **5** *which are compulsory, and any* **three** *of the remaining questions selecting at least* **one** *question from each Section.*

*The number of marks carried by each question is indicated at the end of the question.*

*Illustrate your answers with suitable diagrams, wherever necessary.*

ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस प्रश्न-पत्र के पिछले पृष्ठ पर छपा है ।

## SECTION A

1. Write concise accounts of any ***three*** of the following in about 200 words each : *20×3=60*

   (a) What are coral reefs ? Enlist their geographical distribution, types and threats being faced by them.

   (b) Draw well labelled diagrams only of male urinogenital system of *Labeo* and frog.

   (c) Enlist and draw the diagrams of various larval forms of Echinoderms and describe their evolutionary significance.

   (d) Draw a well labelled diagram of the internal ear of rabbit. Comment upon the functions of each part.

2. Answer any ***two*** of the following : *30×2=60*

   (a) Enumerate various stages of sexual reproduction in *Sycon*. Provide diagrammatic representation in support of your answer.

   (b) What are the various hosts in which *Wuchereria bancrofti* completes its life cycle ? Describe various stages of its life cycle along with the diagram.

   (c) Explain the structure and functions of respiratory organ of *Lamellidens branchiata*.

## खण्ड क

1. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** पर संक्षिप्त विवरण लिखिए, जो प्रत्येक लगभग 200 शब्दों में हो : *20×3=60*

   (क) प्रवाल भित्तियाँ क्या होती हैं ? उनके भौगोलिक वितरण, प्रकारों और उनके सामने उपस्थित ख़तरों की सूची बनाइए ।

   (ख) *लेबिओ* और मेंढ़क के, केवल नर जननमूत्र तंत्र के, भली प्रकार से नामांकित आरेख बनाइए ।

   (ग) शूलचर्मियों के विभिन्न लारवा रूपों के नाम बताइए और उनके आरेख भी बनाइए और साथ ही उनके विकासीय महत्त्व का वर्णन कीजिए ।

   (घ) ख़रगोश के आंतरिक कान का भली प्रकार से नामांकित आरेख बनाइए । प्रत्येक भाग के प्रकार्यों पर टिप्पणी कीजिए ।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** के उत्तर दीजिए : *30×2=60*

   (क) *साइकॉन* में लैंगिक जनन की विभिन्न अवस्थाएँ क्या-क्या होती हैं ? अपने उत्तर के समर्थन में चित्रात्मक निरूपण तैयार कीजिए ।

   (ख) *वूचेरेरिया बैंक्रोफ्टाइ* अपना जीवन-चक्र किन-किन विभिन्न परपोषियों में पूरा करता है ? उसके जीवन-चक्र की विभिन्न अवस्थाओं का वर्णन कीजिए और साथ ही आरेख भी बनाइए ।

   (ग) *लैमेलिडैंस ब्रैंकिएटा* के श्वसन अंग की संरचना एवं प्रकार्यों को स्पष्ट कीजिए ।

3. (a) What is retrogressive metamorphosis ? Provide an illustrated account of reproduction in *Herdmania*. *30*

(b) Draw a well labelled diagram of respiratory system of *Scoliodon* and explain the mechanism of respiration. *30*

4. (a) Give an account on dentition in mammals. *30*

(b) Enlist any five hard derivatives of vertebrate integumentary system. Give an account on various types of horns and antlers in mammals giving examples and diagrams. *30*

3. (क) प्रतिक्रमणी कायांतरण क्या होता है ? *हर्डमेनिया* में जनन का एक सचित्र विवरण प्रस्तुत कीजिए । 30

(ख) *स्कोलियोडन* के श्वसन तंत्र का एक भली प्रकार से नामांकित आरेख बनाइए और श्वसन के यांत्रिकत्व को स्पष्ट कीजिए । 30

4. (क) स्तनधारियों में दंतविन्यास का एक विवरण प्रस्तुत कीजिए । 30

(ख) कशेरुकी अध्यावरणी तंत्र के किन्हीं पाँच कठोर व्युत्पन्नों के नाम लिखिए । उदाहरणों और आरेखों को प्रस्तुत करते हुए, स्तनधारियों में विभिन्न प्रकार के सींगों और शृंगाभों का एक विवरण प्रस्तुत कीजिए । 30

## SECTION B

**5.** Write in brief, accounts of any ***three*** of the following in about 200 words each : *20×3=60*

(a) Mention the various steps of sulphur biogeochemical cycle and draw a well labelled diagram. Discuss its significance.

(b) What is meant by 'sign-stimulus' ? Mention various types of sign-stimuli and discuss with examples.

(c) What is Lac culture ? What are the uses of lac ? Explain the methodology employed in lac culture. Discuss its present scenario in India.

(d) What is EM ? Mention different types of EM. Describe the structure and function of TEM. Mention its applications in biology.

**6.** (a) Define sustainable development. Discuss the principles of sustainable development in the conservation of natural resources. *20*

(b) Give a brief account of social organisations and determination of 'castes' in termites. *20*

(c) Write the clinical manifestations, mode of infection, diagnosis and treatment for tuberculosis. *20*

## खण्ड ख

5. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** पर संक्षिप्त विवरण लिखिए, जो प्रत्येक लगभग 200 शब्दों में हो : *20×3=60*

(क) गंधक जैवभूरासायनिक चक्र के विभिन्न चरणों के नाम बताइए और उसका एक भली प्रकार से नामांकित आरेख बनाइए । उसकी सार्थकता पर चर्चा कीजिए ।

(ख) 'चिह्न-उद्दीपन' से क्या अभिप्राय है ? विभिन्न प्रकार के चिह्न-उद्दीपनों का उल्लेख कीजिए और उदाहरण प्रस्तुत करते हुए उन पर चर्चा भी कीजिए ।

(ग) 'लाख संवर्धन' से क्या अभिप्राय है ? लाख के क्या-क्या उपयोग हैं ? लाख संवर्धन में प्रयुक्त क्रियाविधि को स्पष्ट कीजिए । भारत में उसके वर्तमान परिदृश्य पर चर्चा कीजिए ।

(घ) ई.एम. क्या होता है ? विभिन्न प्रकार के ई.एम. का उल्लेख कीजिए । टी.ई.एम. की संरचना एवं प्रकार्य का वर्णन कीजिए । जीव-विज्ञान में उसके अनुप्रयोगों का उल्लेख कीजिए ।

6. (क) धारणीय विकास की परिभाषा दीजिए । प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में धारणीय विकास के सिद्धांतों पर चर्चा कीजिए । *20*

(ख) दीमकों में सामाजिक संगठनों और उनमें 'जातियों' के निर्धारण का एक संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत कीजिए । *20*

(ग) यक्ष्मा के लिए रोगलाक्षणिक अभिव्यक्तियों, संक्रमण की विधा, निदान और उपचार लिखिए । *20*

7. (a) What is student 't' test ? Explain the application with example. *30*

(b) Enlist five mammalian wildlife endangered species of India. Discuss the present scenario of conservation methods employed for Gir lion. *30*

8. (a) What is imprinting ? Discuss salient features and significance of this phenomenon in animals. *30*

(b) Comment upon "sexual conflicts" in animals. *30*

7. (क) विद्यार्थी 'टी' परीक्षण क्या होता है ? उदाहरण प्रस्तुत करते हुए उसके अनुप्रयोग को स्पष्ट कीजिए । 30

(ख) भारत की पाँच स्तनधारी वन्य प्राणी संकटापन्न स्पीशीज़ के नाम लिखिए । गीर सिंह के लिए प्रयुक्त संरक्षण विधियों के वर्तमान परिदृश्य पर चर्चा कीजिए । 30

8. (क) अध्यंकन (इम्प्रिंटिंग) से क्या अभिप्राय है ? प्राणियों में इस परिघटना के मुख्य अभिलक्षणों और सार्थकता पर चर्चा कीजिए । 30

(ख) प्राणियों में "लैंगिक द्वंद्वों" पर टिप्पणी कीजिए । 30

C-DTN-K-APA

# प्राणिविज्ञान

## प्रश्न-पत्र I

समय : तीन घण्टे

पूर्णांक : 300

---

## अनुदेश

*प्रत्येक प्रश्न हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में छपा है ।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख उत्तर-पुस्तक के मुख पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्रवेश-पत्र पर उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।*

*प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं । बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

*प्रत्येक प्रश्न के लिए नियत अंक प्रश्न के अंत में दिए गए हैं ।*

*जहाँ आवश्यक हो, अपने उत्तर उपयुक्त चित्रों द्वारा दर्शाइए ।*

---

**Note :** *English version of the Instructions is printed on the front cover of this question paper.*